आरंभेवृषभंचक्रंस्तंभेहोयंतकूर्मकम्
प्रवेशेकलशंचक्रंवास्तुचक्रंबुधैःशुभम्

टी०॥गृहारंभ में वृषभचक्र और स्तंभ स्थापन में कूर्मचक्र और गृ
ह प्रवेश में कलश चक्र ये वास्तु चक्र में देख लीजे ॥१॥

गृहारंभकेमास॥सौम्यफाल्गुनवैशाख
भाद्रश्रावणाकार्त्तिकाःमासाःस्युर्गृहनि
र्माणेशुभाधान्यधनप्रदाः॥१॥

टी०॥पौष फाल्गुन वैशाख भाद्रो श्रावण कार्तिक इन महीनों में गृ
हारंभ शिलान्यास स्तंभ प्रतिष्ठा यह शुभ जानिये ॥धनि आरोग्य
आयुवृद्धि धन की प्राप्ति इन बातों को शुभ करेहै ॥१॥

मासोंकाफल

शोकोधान्यंपंचतानिःपशुत्वंस्वाग्निर्नैस्वं
संगरंभन्यनाशम्॥सच्छ्री प्राप्तिंवह्निभी

तिंच लक्ष्मी कुर्यु श्चैचाद्यागृहारंभकाले ॥१॥
टी०॥चैत्रमें शोक वैशाखमें धनज्येष्ठमें मृत्यु आषाढमें पशुहानि श्रावणमें द्रव्य प्राप्ति भाद्रपदमें दरिद्र आश्विनमें कलह कार्तिकमें मृत्यु नाश मार्गशिरमें धन प्राप्ति पौषमें लक्ष्मी माघमें अग्निभय फाल्गुनमें लक्ष्मी इस प्रकार मासोंमें शुभाशुभ फल जानिये ॥१॥

(दिशाके अनुसार गृहोंका मुख करना)

कर्कमकरहरिकुंभगतकें पूर्व पश्चिममुखानिगृहाणि
तौलिमेषवृषवृश्चिकपतेदक्षिणोत्तरमुखानिवदंति १
टी०॥कर्क मकर सिंह कुंभ इन राशियोंके सूर्यमें पूर्व अथवा पश्चिमको घरका द्वार करे मेष तुल वृष वृश्चिक इन राशियोंके सूर्य होयतो दक्षिण वा उत्तरमें घरका द्वार करे इस प्रकार रत्नमालग्रंथमें लिखाहै १

गृहारंभकेनक्षत्र

उत्तरांमृगरोहिणंपुष्यमैत्रकरत्रये॥धनिष्ठा
द्वितीयेपौष्णेगृहारंभःप्रशस्यते॥१॥आदित्यभौम
वर्ज्यंतुसर्ववाराःशुभावहाः।चंद्रादित्यबलंलब्धा
लग्नेशुभनिरीक्षितेस्तंभोच्छ्रायस्तुकर्तव्यस्तान्यत्तु
परिवर्जयेत्प्रासादेष्वेचमेवस्यात्कूपवापीषुचैवहि २
टी०॥तीनों उत्तरा मृगशिर रोहिणी पुष्य अनुराधा हस्त चित्रा स्वाति धनिष्ठा शतभिषा रेवती येनक्षत्र शुभहैं और रवि भौम ये वार वर्जित पौष वार शुभहैं और स्थिर लग्नमें करे स्तंभारोपण देवालय कूपतडागवापी इनकार्योंमें शुभहै ॥२॥ (वृषचक्र)

चिंचेदाद्धि चिंचेदाद्धि हिंचिभेद्धकेतःपृथ्वी।
कुर्याल्लक्ष्मीसमुद्दासंस्थेर्यंलक्ष्मीदरिद्रताम्
धनंहानिंक्रमान्मृत्युमारंभेवृषचक्रकम् ॥१॥
टी०॥सूर्यके नक्षत्रसे चंद्रमाके नक्षत्रताईं गिने प्रथम भागमेंतो न लक्ष्मी दायक दूसरे भागमें ४ उद्दासन को तीसरे भागमें ४ स्थिरता कारक चौथे भागमें ३ लक्ष्मी पांचमें ४ दरिद्र छठे धनदायक

सातवां हानिआठवां मृत्युकारक इस क्रमसे शुभाशुभफलदायक होतेहैं ॥

शिलान्यास

दक्षिणपूर्वकोणेकृत्वापूर्वंशिलान्यसेत्प्रथमं
शेषाप्रदक्षिणेनस्तंभांश्चैवंप्रतिष्ठाप्याः॥१॥

दो०॥पूजन करके आग्नेय कोणमें प्रथम शिला स्थापन करे शेष शिलाप्रदक्षिणा स्थापित करवे इसी प्रकारस्तंभ स्थापित करे १

शिलान्यासनक्षत्र

शिलान्यासःप्रकर्तव्योरहिणीश्रवणेभृगे
शेषेहस्तेचरोहिण्यांपुष्याश्विश्रुत्तरात्रये१

दो०॥श्रवण मृगशिर रेवती हस्त रोहिणी पुष्य अश्विनी तीनों उत्तरा यह नक्षत्र शुभहैं ॥१॥

सूर्यकेनक्षत्रसेद्वारचक्रं

शिर४	कोण८	घ्राण२	देहत्व३	मध्यभे४
लक्ष्मी	उद्वसनं	सौख्यं	गृहपतिमरणं	सौख्यं

शेषनागकेमुख

सिंहेकन्यालुलायांभुजगपतिमुखंभ्रांभुकोणेविनि
क्षातंवायव्येस्यालद्वयंत्वलिधनमकरेदृष्टखा
नंवदंति॥कुंभेमीनेचमेषेनिऋतिदिविधुमं
खंवातंवायव्यकोणेचाग्नेकोणेमुखंवैशेष
मिथुनगतेकर्कटेरक्षखातम्॥१॥२॥३॥

दो०॥सिंह कन्या तुला इन राशिन के सूर्य में ईशान में मुख जानिये तब अग्नि कोण में खात करावे वृश्चिक धन मकर इनके सूर्य में वायु कोण में मुख जानिये तब ईशान कोण में खात करावे-कुंभ मीन मेष इन के सूर्य में नैऋति में मुख जानिये तब वायव्य में खात करावे वृष मिथुन कर्क इन के सूर्य में अग्नि कोण में मुख जानिये

तवनेऋत्य कोणमेंस्नान करावे इस प्रकार नीव धरै ॥१॥

दुष्टयोग॥वज्र व्याघात मूल भ्रुव व्यती पात अंग-
डक॥॥विष्कुंभ परिघो वर्ज्यौ बारो मंगल भास्करो

टी०॥वज्र व्याघात मूल ध्रुव व्यतीपात गंड विष्कुंभ परिघ और मंगल रवि ये वर्जित हैं ॥१॥ (कूर्मचक्रं)

तिथिस्तु पंच गुणिता कृत्तिकाद्यैः संयुता॥तथाद्रा-
श्लेषाश्च नव भागेन भाजिता॥फलं॥जले वेदा मुनि
अद्रुस्थले पंच हयं चलः॥विषङ्गनवचाकाशे त्रिविध
कूर्मलक्षणं॥जले लाभस्तथा प्रोक्तः स्थले हानिस्त-
थैवच॥आकाशे मरणं प्रोक्तमिदं कूर्मस्य चक्रकम्॥१॥

टी०॥गृहारंभ की तिथियों को पांच से गुणा करे और कृत्तिका से नव तक संख्या को मिलावे फिर १२ मिलावे और ९ का भाग देजो शेष बचे ४ ७ भ्रु तो जलस्थान में कूर्म जानियेता को फललाभकारक है और ४।२।९ ये बचें तो स्थल में जानिये ता को फल हानिकारक है और ३।६।८ ये बचें तो आकाश में कूर्म जानियेता को फल मरण है इस प्रकार त्रिवि धकूर्म के लक्षण जानेये॥२॥ (स्तंभचक्रं)

सूर्याधिष्ठित भ ऋक्षं प्रथम तो मध्ये तथा दिंद्यानि
स्तंभाग्रे रस संख्ययामुनि वरैः कृत्वा मुहूर्तं शुभम्
स्तंभाग्रे मरणं भवेत् गृह पतेर्मूले धनार्थक्षयो
ध्येचैवनु सर्वसौख्य मतुलं प्राप्नोति कर्तासदा॥१॥

टी०॥सूर्य के नक्षत्र से दिवस नक्षत्र पर्यंत लिखने का क्रम तिस में प्रथम दो नक्षत्र स्तंभ के मूल के तिस का फल धन क्षय और दूसरे २ नक्षत्र स्तंभ के मध्य के तिस का फल लक्ष्मी और कीर्ति की प्राप्ति तीसरे नक्षत्र स्तंभ के अग्रभाग के तिस का फल मरण कारक इस रीति से स्तंभारोपण करना॥२॥ (देहलीरचने का मुहूर्त्त)

मूलेभोमे चिरं संगृहपतिमरणं पंचगर्भेसुखं स्यात्
मध्येदेयाश्चरर्क्षं धनसुखसुखदं पुच्छदेशेऽतिहानिः

पञ्चादेयं विकरक्षंगृहपतिसुखदंभाग्यपुत्रार्थदेयंस्
र्यक्षाच्चंद्रऋक्षंआनेदिनगणायन्मोभचक्रंविलोक्य।१।
टी०।सूर्यके नक्षत्रसे दिनके नक्षत्र तक संख्या और फलऐसेक्रमसेजा
नियेप्रथम ३नक्षत्रमेंसंभारोपणा करेतोमृत्यु-दूसरे ५गर्भके नक्षत्र
मेंगर्भसुख करेतीसरे ८नक्षत्रमध्यके धनसुखपुत्रसुख करे चौथे८
नक्षत्रपुच्छके मित्रहानिका पांचवें ३नक्षत्रअग्र भागके सुखसौभा
ग्यपुत्रलाभकारक ऐसे देहलीकरनाशुभजानिये॥१॥ (द्वारचक्रं)
शरकोष्ठत्वारिऋक्षाणिऊर्ध्वंचैवप्रदापयेत्॥द्वौद्वौ
कोणेषुदद्याद्दशरवा पंचचतुश्चतुः॥शषश्चत्वारिदे
यानिमध्येत्रीणिप्रदापयेत्॥ऊर्ध्वेतुलभतेराज्यमुद्वासे
कोणकेषुच। शरवायांलभतेलक्ष्मीमध्येराज्यप्रदं
तथा॥शषःस्यत्तेमरणंप्रोक्तंद्वारचक्रंप्रकीर्तितम्॥१
टी०।सूर्यकेनक्षत्रसेदिवसकेनक्षत्रपर्यंत लिखनेका क्रमप्रथम ४न
क्षत्रऊर्ध्वकेतिसका फलराज्यप्राप्ति दूसरे कोणाके ४नक्षत्रतिसका फ
लउद्वासनतीसरेवाजूकेनक्षत्र ४तिसका फललक्ष्मीप्राप्ति चौथे४मी
चेकेनक्षत्रतिसका फलराज्यप्राप्ति पांचमेंमध्यके ३नक्षत्रतिसका
फलमरण॥२॥ (प्रांतिकर्मका अग्निचक्रं)
श्लोकातिथिर्वारयुताकृताप्तेषेदेगुणाभूभुविवन्हिवासः
शेषाद्यहोमेघृतपिंडयुग्मंशेषेप्राणार्थेनाशोदिविभूलभेन
श्लोका।।जिस तिथिमें प्रांति करनी होय विस तिथिमें एक और मिला
वे और जोवार होय सो मिलावे और ४का भागदे शेष रहे तिसका फल
जाननातीन और मृत्यु बचेंतो पृथ्वीमें अग्निका वास जानिये।ति
सका फल सुख रहै एक बचेतो अग्निका वास स्वर्गमें जानिये।
तिसका फल प्राणनाशक और होबचेंतो अर्थनाशक जानना।२।।
(गृहके मुखमें आकृतिका विचार)
नरारिभिद्भृगुभास्करीचंद्रमःकुजसौम्यविधनुदकेतवः॥
क्षितोदिनेभंगणायतक्रमात्प्रतिसर्गवितर्यविलग्नरोगश

टी०॥ सूर्य के नक्षत्र से दिन के नक्षत्र तक गिने पहले ३ सूर्य के शुभ दूसरे ३ बुध-शुभ तीसरे तीन ३ भृगु शुभ चौथे ३ शनि अशुभ पांचमें तीन ३ चंद्रमा शुभ छठे ३ मंगल अशुभ सातमें ३ गुरु शुभ आठवें ३ राहु अशुभ नवमें ३ केतु अशुभ है॥१॥

॥ गृहप्रवेशकामुहूर्त ॥

अथ प्रवेशो नवमंदिरस्य यात्रानि वस्त्रावयभूषणीनाम्॥
सौम्यायने पूर्वदिने विधेयं वास्तुंचभूतबलिंचकार्यत्

टी०॥यात्रा और राज दर्शन के मुहूर्त में उत्तरायन सूर्य होने में प्रथम वास्तु पूजा और भूतबलि करि के नवीन गृहमें प्रवेश करनायोग्य है १

चित्रानुराधा मृग पौष्ण पुष्य स्वाती श्रविष्ठा श्रवणोद्भमूलम्
वारेश्वसूर्यार्क्षतिथीज्यरिक्तातिथौ प्रशस्तो भवनप्रवेशः १

टी०॥चित्रा अनुराधा मृगशिर रेवती पुष्य स्वाति धनिष्ठा श्रवण मूलये नक्षत्र रवि भौम ये चार और रिक्तातिथि इनको छोड के गृहप्रवेश करना

कलशचक्रम्

प्रवेशे कलशेर्क्षात्संचनागाद्यर्क्षमानम्॥
अशुभंच शुभंज्ञेयंमशुभंच शुभंतथा॥२॥

टी०॥सूर्य के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक जो नक्षत्र होय उनमें प्रथम ५ नक्षत्र अशुभजानिये और आठ नक्षत्र शुभ आगे आठ फिर अशुभ शेष ६ शुभइस प्रकार कलशचक्र मे में जानना॥२॥

वामार्कलक्षणं

रंध्रात्सुचाद्यनादायात्संख्यं स्वर्कस्थितेक्रमात्
पूर्वाद्यगादि मुखंगेहं विप्रोद्वामो भवेदनः॥१॥

टी०॥घरमें प्रवेश करने के समय सूर्य वायां होय तिसके जानने का क्रम प्रवेश लग्नमें ८ वें स्थान से ५ वें स्थान तक पूर्व द्वार वारे को शुभ और दक्षिन के द्वार वारे को ५ वें स्थान से ५ स्थान तक शुभ पश्चिम द्वार वारे को दूसरे स्थान से पांच स्थान तक शुभ उत्तर द्वार वारे को एकादश स्थान से ५ स्थान पर्यंत वामार्क होता है सो प्रवेश काल में शुभ है॥१॥

लग्नका शुभाशुभविचार ॥ त्रिकोणकेंद्रगैः शुभैः स्त्रियश्च त्याभसंस्थितैः ॥ असद्ग्रहैः स्थिरोदयगैर्विशेद्बलेविधौ ॥ १
टी० ॥ त्रिकोण केंद्रमें शुभग्रह होय और तीसरे ग्यारहवें पापग्रहो य ऐसी स्थिर लग्नमें गृह प्रवेश शुभजानिये ॥ २ ॥

ग्रहप्रवेशो लग्ने ॥ त्रिषडायगतैः पापैः रष्टान्त्येंतरगैः शुभैः ॥ चंद्रे लग्नारिरंध्रांत्यवर्जिते स्याच्छुभंगृहम् ॥ १
टी० ॥ तीसरे छठे ग्यारहे ३ । ६ । ११ पापग्रह शुभ और आठवें बारहवें ४ । १२ शुभग्रह होंय तो शुभ परंतु चंद्रमा लग्न में छठे बारहे आठवें नवें २ । ६ । ८ । १२ । ९ होंय तो शुभ है ॥ २ ॥ अशुभयोग लग्न के ॥

धनकेंद्रत्रिकोणास्थः क्षीणचंद्रोनशोभनः ॥
शुक्रोनैवांशगः खेटः स्वास्तसंस्थोपिनोशुभः ॥ १
टी० ॥ लग्नके विषे २ । ११ । ४ । ७ । १० । ५ । ९ इन स्थानोंमें स्थित कृष्ण पक्षका चंद्रमा तो अशुभ जानना और शुक्र ग्रह और नवांशमें तथा १० । ७ स्थित होय तो अशुभ जानना ॥ आयुष योग ॥

लग्नेजीवःसुखेशुक्रोबुधःकर्मण्यगोरविः ॥
रविजःसहजेन्यूनशतायुःस्यान्नवागृहम् ॥ १
टी० ॥ लग्नमें बृहस्पति मित्र स्यानी दशमें बुध चौथे शुक्र तीसरे ग्यारहे सूर्य ऐसी लग्नमें घर का आरंभ करे तो १०० वर्ष की आयु होय ॥

दूसरा प्रकार

भृगुर्लग्नेबुधेज्ञेलाभेर्कःकेंद्रगोगुरुः ॥
यस्यारंभेवतस्यायुर्वत्सराणांशतद्वयम् ॥ १ ॥
टी० ॥ शुक्र बुधये दशमें १० स्थानमें हो ११ वे रवि हो केंद्रमें बृहस्पति होय ऐसी लग्नमें गृहारंभ करे तो दोसो २०० वर्षकी आयु होय ॥ १ ॥

तीसरा ॥ जीवोबुधेभृगुर्ज्ञेलाभगोभानुभूमि
जौ ॥ आरंभेयस्यतस्यायुःसमाधीतिःसहस्रियाः
टी० ॥ बुध बृहस्पति शुद्धये दशमें स्थान में हो सूर्य मंगलये २ रवें स्था
नमें होय तो लक्ष्मी युत घर की आयु ९० वर्षकी जानिये ॥ २ ॥

स्वर्क्षगे हिभगोलाभे सुरेज्ये केन्द्र संस्थिते ॥
धनधान्ययुता गेहे सुता योग्य चिरं भवेत् ॥ १॥

टीका ॥ कर्क का चंद्रमा ११वें स्थान वें होय वा गुरु केंद्र में होय ऐसी लग्नमें गृहारंभ होय तो धनधान्ययुक्त सुता योग्य सहित चिरकाल रहै ॥ १॥

स्वोच्चवर्तिनिभृगौ बिलग्नगे देवमंत्रिणि रसातले थवा
स्वोच्चगे रविसुते थवायगे स्यास्थितिश्च सुचिरं सहस्त्रिया

टीका ॥ शुक्र लग्नमें बृहस्पति ४ स्थान शनि स्वगृही होय ऐसी लग्नमें लक्ष्मी युक्त चिरकाल रहै ॥ १॥ (पृथ्वी शोधने का प्रकार:)

कुंडार्थ पृथ्वी परिशोधनतवे प्रष्टर्मुखाद्यः प्रथमं स्फुटाभवेत् ॥ वर्गादिवर्णाः किल तद्दिशि स्मृतं शल्यं मुनींद्रैरुपयैस्तु मध्यतः ॥ १॥ स्मृत्वेष्टदेवतां प्रष्टर्वचनस्याद्यमक्षरं ॥ गृहीत्वातुततः शल्यात्शल्यं सम्यग्विचार्यते ५ ॥

टीका ॥ कुंड के निमित्त अर्थात् नवीन घर के बनाने को प्रथम धरती शोधन करे पृच्छक इष्ट देवता का स्मरण करके प्रश्न करे ब्राह्मण सेता के मुख का आदि का अक्षर जिस वर्ग का निकले तिसका उत्तर अ क च ट त प य श वर्ग पूर्वादि अष्ट दिशाओं में जाने मध्यमें ह य व वर्गों के आदि अक्षर जहाँ होय बिस स्थान में शल्य है तिस का प्रकार नीचे लिखा है तिसमें से दो दो स्थानों को जानिये ॥ १ ॥ २॥

पृच्छायांयदिप्रश्नः प्राच्यांनरशल्यंतदाभवेत ॥ सार्धहस्त प्रमाणेनतच्च मानुष्यमृत्युकृत १आग्नेयांदिशिकः प्रष्टा स्वरशल्यंकरद्वये ॥ राजदंडोभवेत्तत्रभयंचैवनिवर्तते ॥ २॥ याम्यायांदिशिचःप्रश्नेतदास्यात्कृमिसंस्थितं ।नरशल्यं गृहेतस्यमरणंचिरयोगतः ३नैर्ऋत्यांयदिटःप्रश्ने सार्द्धहस्तदधःस्थले । शुनोस्थिजायते तत्र बालानांजायतेमृतिः । तःप्रश्नेपश्चिमायांतुशिशोःशल्यं प्रजायते ॥ सार्द्धहस्तेगृहस्वामीनतिष्ठतिसदागृहे ५ वायव्यांदिशिपः प्रश्नेतपांगारास्तुष्करे ॥ कुर्वंतिमित्रनाशंचदुःस्वप्नदर्शनंसदा ॥ ६॥

उदीच्यांदिशिपः प्रश्नेविप्रशल्यंकरादधः॥तस्छ्रीघंनिर्धन
त्वायकुवैरसदृशस्यहि॥७॥ईशान्यांयदिशः प्रश्नेगोपू
त्यंसार्द्धहस्ततः॥तद्गोधनस्यनाशायजायतेगृहमेधिनः॥
॥८॥हपयाकोष्टमध्येचवक्षोमात्रंभवेदधः॥नृकपाल
मथोभस्मलोहंतत्कुलनाशकृत्॥९॥ ॰ ॰ ॰ ॰ ॰॥

टीका॥ पृच्छक के मुख से आदि अक्षर अ वर्ग का निकलेतो पूर्व कोडे ढ हाथ गहरा खोदे तो मनुष्य की हड्डी निकले वह मृत्यु कारक जानिये १ और क: निकले तो दो हाथ गहरा अग्नि कोण में खोदे तामें गध की हड्डी निकले उस्से राजदंड का भय कभी निवृत्त न होय १ च अक्षर उच्चारण होय तो दक्षिण की ओर कमर की बराबर गहरा खोदे तो नर के हाड निकले तिसका फल चिरकाल के रोग से मरण होय ३ ट का उच्चारण हो तो नऋत्य दिशा में डेढ हाथ गहरा खोदने से कुत्ते के हाड निकले तिस का फल कन्जीवे ४ त का उच्चारण करे तो पश्चिम दिशा मे डेढ हाथ गहरे पर बालक के हाड जानिये तिसका फल घर का मालिक सदा घर में न रहै ५ प का उच्चारण होय तो वायव्य दिशा में चार हाथ गहरे में जली हुई धान की भूसी वा कोयले निकलें तिसका फल मित्र का नाश करे दि सुपने दिखाई दें ६ य का उच्चारण होय तो एक हाथ गहरा उत्तर में खोदे तो ब्राह्मण के हाड निकले तिसका फल कुवेर की बराबर धन का नाश करे दरिद्र होय ७ श का उच्चारण होय तो ईशान दिशा में डेढ हाथ पर गौ के हाड जा० तिसका फल गोधन का नाश करे॥८॥ ह प य इनका उच्चारण हो तो मध्य में छाती की बराबर गौंडे में मनुष्य कपाल वा भस्म वा लोह निकले तिस्का फल कुल नाश इस प्रकार जिस वर्ग का नामाक्षर प्रश्न कर्त्ता के मुख से उच्चारित हो उसी दिशा में देखै॥९॥

शुक्र का विचार

एकग्रामेपुरेवापिदुर्भिक्षेराष्ट्रविप्लवे॥विवा
हेतीर्थयात्रायांप्रतिशुक्रोन विद्यते॥ १ ॥

टीका॥ गांव के गांव में शहर के शहर में दुर्भिक्ष में काल में देश के उपद्रव

यात्रा में सन्मुख शुक्र होय तो कुछ दोष नहीं है ॥ १ ॥

पौष्णादावग्नि पादांतं यावत्तिष्ठति चन्द्रमाः ॥
तावच्छुक्रोभवेदंधः सन्मुखं गमनं शुभम् ॥ १ ॥

टीका ॥ रेवती अश्विनी कृतिका इन नक्षत्रों के प्रथम चरण में शुक्र अंधा होता है उसके सन्मुख गमन में दोष नहीं है ॥ १ ॥

दक्षिणोदुःखदः शुक्रः सन्मुखेहंतिलोचनः ॥ वा
मेपृष्ठे शुभो नित्यं रोधयेदस्तगः शुभः ॥ १ ॥

टीका ॥ जाने में शुक्र दाहना होय तो दुःख दायक सन्मुख नेत्र पीड़ा का रुक जायें और पीछे शुभ जानना - और जो पश्चिम में अस्त होय तो पूर्व को उत्तम जानिये और जो पूर्व में अस्त होय तो पश्चिम में उत्तम जानना ॥ १

घात प्रकरणं ॥ प्रयाणकालेयुद्धेचकृषौवाणि
ज्य संग्रहे। वादिचैव गृहारंभे वर्जयेत् घात चंद्रमाः

टीका ॥ यात्रा में युद्ध में व्यापार में खेती करने में धान्य संग्रह करने में वाद विवाद समय में गृहारंभ के समय में घात चंद्र वर्जित है ॥ १ ॥

घाततिथिंघातवारं घातनक्षत्रमेवच ॥
यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञैरन्यकर्मसु शोभनम्

टीका ॥ यात्रा समय में घात वार नक्षत्र तिथि वर्जित है और में शुभ जानिये ॥

मेषेरविर्मघाप्रोक्ता षष्ठी प्रथम चंद्रमाः ॥ वृषभेपंच
मोहस्तचतुर्थीशूनिरेवच ॥ २ ॥ मिथुनेनवमः स्वाती
शुक्रेचंद्रवासरः ॥ कर्के द्विरनुराधा चबुधषष्ठी प्र
कीर्तिता ॥ २ ॥ सिंहेपरश्चंद्रमाश्चदशमी शनि मूलके
कन्यायांदशमश्चंद्रः श्रवणः शनिरष्टमी ॥ ३ ॥ तुलेगु
रुर्द्वादशीचशतंतृतीय चंद्रमः ॥ वृश्चिकेरेवतीसप्तदशमी
भार्गवस्तथा ॥ ४ ॥ धनेचतुर्थोभरनीद्वितीयाभार्गवस्त
था ॥ मकरेष्टमोरोहिणीद्वादशी भौमवासरः ॥ ५ ॥
कुम्भेएकादशश्चार्द्रा चतुर्थी गुरुवासरः ॥ मीनेच
द्वादशः सर्पे द्वितीयाभार्गवस्तथा ॥ ६ ॥ ५ ॥

टीका सुगमत्वादिचक्रं ॥

राशि	मे.	वृ.	मि.	कं	सिं.	कं	तु	वृ.	ध.	म.	कुं	मी.
सू.	४	८	१२	५	८	१	६	१०	७	११	२	३
चं.	१	५	८	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
मं.	५	९	१	६	१०	२	७	११	८	१२	३	४
बु.	२	६	१०	३	७	११	४	८	५	९	१२	१
वृ.	६	१०	२	७	११	३	८	१२	९	१	४	६
शु.	३	७	११	४	८	१२	५	९	६	१०	१	२
श	७	११	३	८	१२	४	९	१	१०	२	५	६
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुरा	मूल	श्रव	शत	रेवती	भरणी	रोहिणी	आद्रा	श्लेषा
वार	सूर्य	शनि	चंद्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	भौम	भौम	शुक्र	शुक्र
तिथि	६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२
गुण	रजो.	रजो.	तमो.	सतो.	तमो.	रजो.	रजो.	सतो.	तमो.	तमो.	तमो.	सतो

(तिथि परत्व लग्न वर्जित)

नंदायामलिहर्योस्तुतुलामकरयोस्तथा ॥ भद्रायांमीनधनुवोःकालतिष्ठतिसर्वदा १ जयायांस्त्रीमिथुनयोरिक्तायांमेषकर्कयोः ॥ पूर्णायांकुंभवृषयोर्मनुष्यमरणंध्रुवम् ॥ २ ॥

टीका ॥ नंदा तिथि को सिंह तुला वृश्चिक मकर और भद्रा तिथि को मीन धन जया तिथि को कन्या मिथन रिक्ता तिथि में मेष कर्क पूर्णतिथि में कुंभ वृष इन तिथियों में लग्न वर्जित है ॥ १ ॥

मेषे वेदा वृषे छौच मिथुनेचत्रतीयकः ॥ दशा कर्के रविःसिंहेकन्यायांकप्रकीर्तितः । षट्तुलेवृश्चिकेखेदुधनेरुद्राप्रकीर्तिताः । मकरेऋषयःप्रोक्ताःकुंभेवाणाःउदाहृताः । मीनेशांध्रकालचंद्रःशौनकश्चेदमब्रवीत् २

टीका ॥ मेष राशि को चौथा वृष को आठवां मिथुन को ३ कर्क को १० सिंह को १२ कन्या को ६ तुला को ६ वृ. को १० धन को ११ मकर को ७ कुंभ को ५ मीन को ४ इस प्रकार लाल चंद्र राशि के अनुसार शौनक मत से वर्जनीय है ॥

सत्वंतुचंद्रगुरुवोकुजभृगुराजसोगुणो घातः
रविशनिचंद्रसुतानांरपुणांतामसोनेष्टाः १

टीका ॥ बृहस्पतिवार सोमवार को सतोगुण घात मंगल वा शुक्र को रजोगुण घात रविवार शनिवार बुधवार कोतमोगुण घात जानना ॥ १

धनुर्मीनकुलीराणा घातःसत्योविनिर्दिशेत्
तुलालिवृषमेषानां घातोरजसिनिश्चितम् २ ॥
कन्यामिथुनसिंहचकुम्भस्यमकरस्यच ३ ३ ॥
घातस्तमसिवेलायांविपरीतेशुभप्रदः ॥ ३ ॥

॥ टीका ॥

	रजो.	सतो.	तमो.	सतो.	रजो.	तमो.	गुण
रा.	१	४	७	चं	भौम	सूर्य	वाराः
शु.	२	८	१०	द्र	शनि		
बा.	७	१२	११	बृह	भृगु	बुध	

होराकथनंशुकुन ॥ वारात्षष्ठस्यसप्तस्यहोरासार्द्धद्विनाडिका।अर्कशुक्रोबुधश्चंद्रोमंदोजीवधरासुतो १गुरुविवाहेगमनेचशुक्रोवोधेसौम्यःसर्वकार्येषुचंद्रः।कुजेचयुद्धेरविराजसेवामंदेचवित्तंइतिहोरयोगः।यस्यगृहस्यवारेपिकर्मकिंचित्प्रकीर्तितम्॥तस्यगृहस्यहोरायांसर्वकर्मविधीयते २ ॥

टीका ॥ जिस वार का होरा होय उसी में प्रथम २ घटिका होरा तिसके छटे वार की दूसरी होरा इसी क्रम से दिवस के १२ होरा जानिये रवि की होरा राजसेवा को शुभ दूसरी शुक्र की गमन का शुभ तीसरी बुध की ज्ञानप्राप्ति को शुभ चौथी चंद्रमा की सर्वकार्य को शुभ पांचवी शनि की द्रव्यसंग्रह को शुभ छठी गुरु की विवाह को शुभ सातवीं मंगल की होरा युद्ध को शुभ इस प्रमाण होरा का क्रम जानिये और जिस २ ग्रह का जो जो वार जिसमें कहा जो कर्म सो उसकी होरा में करावे ॥ १ ॥

(सूर्य का होरा)

सूर्यस्यहोरेराजकीसुवस्त्रंकुमारिकाविप्रचतुष्टयंच ॥
काकत्रयंद्यूनकुलोतथैवचाषस्तथैकोवृषभस्तुगौश्च १

टीका ॥ रवि की होरा में गमन करे तो आगे जो शकुन होय तिस को कहते हैं। रज की वस्त्र युक्त कन्या ४ ब्राह्मण ३ काक २ नौला २ चाष १ बैलगाय ये शकुन मिलै ॥ १ ॥

चंद्रस्यहोरेद्विजयुग्मकाकभेरीमृदंगानकुलःखरोष्टौ
हयश्चगोमेषशुभस्तथैवपुष्पाणिनारीद्वयमेवमार्गे॥१

टीका ॥ चंद्रमा की होरा में गमन करे तो मार्ग में दो ब्राह्मण काक नग रि मृदंग और नौला गधा ऊँट घोड़ा गाय वा मेढ़ा कुत्ता और पुष्प दो स्त्री ये शकुन जानिये ॥ १ ॥ (मंगल की होरा)

मर्जारयुद्धंकलहःकुदंवेरजस्वलास्त्रीभवनेप्रदाहः।
नपुंसकःस्वत्रितयंद्विजश्चनग्नोविमुक्तोधरणीसुतस्य

टी०॥ मंगल की होरा में गमन करे तो मार्जार युद्ध अथवा स्त्री पुरुष की लड़ाई वा रजस्वला स्त्री वा जलता हुआ घर के नपुंसक ३ कुत्ता नग्न ब्राह्मण ये मिलें ॥ १ ॥ (बुध की होरा)

बुधस्यहोरेशकुनश्चसर्वःस्त्रीपुत्रयुक्तोकलशस्तुपूर्णः
सुचातकश्चाषगजोकुमारःपुष्पाणिनारीखलुदर्पणाश्च १

टीका ॥ बुध की होरा में सर्व शकुन स्त्री पुत्र युक्त पानी भरे कलश सा तक पक्षी वा चाष पक्षी हाथी वा बालक स्त्री दर्पण ये मार्ग में मिलें ॥ १

(गुरु की होरा)

गुरोर्द्विजातिर्गणकाचधेनुस्त्रीबालयुक्तासजलोघटस्तु
ऊर्णाचकाकोनकुलोवकश्चहंसस्यराजावहवस्तुवैश्यः १

टी०॥ गुरु की होरा में ब्राह्मण गणिका वा गाय पुत्र सहित स्त्री जल का भरा घड़ा ऊनवस्त्र काक नौला वगुला हंस राजा वैश्य मिलें ॥ १ ॥

शुक्रस्यहोरेगणिकाद्विजेन्द्रःकाकत्रिकंचायनपुंसकोवा
मद्यंहिमांसंगणिकाचधेनुर्धान्यंचशूद्रत्रितयंचवैश्यः।१॥

टीका ॥ शुक्र की होरा में ब्राह्मण गणिका ३ तीन काक नपुंसक मद्य मांस ज्योतिषी धान्य तीन शूद्र वैश्य ये मिलें ॥ १ ॥

पतंगशूनोर्यवनश्चनग्नोरजस्वलास्त्रीमृतकंस्तथैव

पिशाचगृध्रौविधवाचवह्निर्नपुंसकश्चाथयुवाप्रचंडः१

टीका ॥ शनिकीहोरामेंनग्नमुसलमानरजस्वलास्त्रीप्रेतपिशाचगीध पक्षीविधवास्त्रीअग्निनपुंसकप्रचंडतरुणपुरुषये शकुनमिलें॥१॥

(मनु का वाक्य)

गमनंप्रतिराजंस्तुसन्मुखादर्शनेनच ॥ शु
तस्तांश्चैवसभाषेतसर्वान्नेताश्चकीर्तयेत १

टीका ॥ मनु का वाक्य राजा प्रति कहते हैं - गमन काल में पूर्वोक्त शकुनों का कीर्त्तन किंवा उत्तम भाषण वा इनका श्रवण दर्शन न होय तो मन में स्मरण करके गमन करे तो शुभ है ॥ १ ॥

(वारानुसार वस्त्र धारण)

रवौ नीलंबुधे पीतं कृष्णा वर्णं शनिश्चरे॥श्वे
तंगुरौशुक्रेभौमे रक्तं सोमेतुचित्रकम ॥ १ ॥

टीका ॥ रविवार को नीला वस्त्र - बुध को पीत - शनि को काला गुरु शुक्र को श्वेत पीत - मंगल को रक्त सोम को चित्र विचित्र इस प्रकार ब स्त्र धारण करके गमन करे॥ १॥ (यात्राप्रकरण)

हस्तेंदुमैत्रश्रवणाश्वितिष्यपौष्णश्रविष्टाचपुनर्वसुश्च॥प्रो
क्तानिधिष्ण्यानिनवप्रयाणेत्यक्त्वात्रिपंचाद्रिमसप्ततारा:

टीका ॥ हस्त मृगशिर अनुराधा श्रवण अश्विनी पुष्य रेवती धनिष्ठा पुनर्वसु ये नक्षत्र यात्रा में श्रेष्ठ हैं परंतु ३।५।७ येतारा नेष्ट हैं॥ १॥

रोहिणीउत्तराचित्रामूलमार्द्रातथैवच ॥ षा
ढौत्रयंभाद्रविश्वेप्रयाणेमध्यमास्मृता:॥१॥

टीका ॥ रोहिणी उत्तरा चित्रा मूल आर्द्रा पूर्वाषाढ उत्तराभाद्रपद उत्तरा षाढ ये नक्षत्र यात्रा में मध्यम जानना ॥ १ ॥

त्रीणिपूर्वामघाज्येष्ठाभरणीकृत्तिकातथास
र्पःस्वातिविशाखाचनित्यंगमनवर्जिताः ॥

टीका ॥ तीनों पूर्वा मघा ज्येष्ठा भरणी कृतिका श्लेषा स्वाति विशाखा ये नक्षत्र यात्रा में वर्जित हैं॥ १॥ (आवश्यकेवर्ज्यानि)

कृतिका एक विंशूत्या भरणाय: सप्तनाडिका:
एकादशी मघा याश्च त्रिपुर्वाणां च षोडश: ॥ १
विशाखा सार्प चित्रा च स्वाती रौद्र चतुर्दशी: ॥
आद्यास्तु घटिका स्त्याज्या: प्रेषांप्रेगमनं पुभं २

टीका ॥ तीनों पूवा की १६ घटी मघा की ११ ज्येष्टा संपूर्ण भरणी की ७ घटी कृतिका २१ घटी जन्म नक्षत्र संपूर्ण श्लेषा विशाखा चित्रा स्वांति आद्रा इन नक्षत्रों की आदि की १४ घटी यात्र में वर्जित है ॥ १ ॥ २ ॥

(शुभाशुभ वार यात्रा समय)

अर्के क्लेशमनर्थकं च गमने सोमे च बन्धुप्रियं
चांगारे नलतस्कर ज्वरभयं प्राप्नोति चार्थं बुधे ॥
क्षेमा रोग्य सुखं करोति च गुरौ लाभश्च शुक्रे शुभो
मंदे बंधन हानि रोग मरणा न्मुक्ता निगर्गादि भि: १

टीका ॥ रवि वार को गमन करे तो मार्ग में क्लेश होय अर्थ की हानि सोम वार को गमन करे तो बंधु प्रिय दर्शन होय मंगल को गमन करे तो अग्नि चौर भय ज्वर भय - बुध को गमन करे तो द्रव्य और सुख की प्राप्ति - गुरु को गमन करे तो आरोग्य - शुक्र को गमन करे तो शुभ फल प्राप्ति और लाभ होय शनि को गमन करे तो बंधन रोग होय मरण होय ॥ १ ॥

तिथि वार नक्षत्र अनुसार दिक् शूल वर्ज्या दिशा परत्व जानना

मूल श्रवण घ्राजेषु प्रति पन्नवमीषुच ॥ शनौ सो
मे बुधे चैव पूर्वस्यां गमनं त्यजेत् ॥ १ ॥ ५ ५ ॥

टीका ॥ पूर्व दिशा को मूल श्रवण ज्येष्टा परवा नवमी शनि सोम बुध वार इन में गमन नहीं करे वर्जित है ॥ १ ॥

पूर्वाभाद्रपदाश्विनौ पंचमी च त्रयोदशी
गुरुर्धनिष्ठाद्रौ चैव याम्ये सप्त विवर्जयेत् १

टीका ॥ दक्षिण दिशा को पूर्वाभाद्रपद अश्विनी पंचमी तरस गुरु वार धनिष्ठा इनमें गमन नहीं करे ॥ १ ॥

रोहिण्यां च तथा पुष्ये षष्टी चैव चतुर्दशी

भौमार्कभृगुवारेषु नगच्छेत्पश्चिमां दिशाम्

टीका ॥ पश्चिम दिशा को रोहिणी पुष्य षष्टी ६ चतुर्दशी १४ मंगल रवि शुक्र इनमें न जाय ॥ १ ॥

करे चोत्तर फाल्गुन्यां द्वितीया दशमी तथा । बुधौ रवौ भौमवारे न गच्छे दुत्तरां दिशम् ॥ १ ॥ ५ ॥

टीका ॥ हस्त उत्तरा फाल्गुनी दूज २ दशमी १० बुध रवि भौम इन में उत्तर दिशा को गमन न करे ॥ १ ॥ (विदिक्शूल)

ईशान्यां ज्ञे शनौ शूले आग्नेय्यां गुरु सामयोः वाय व्यां भूमि पुत्रेषु नैऋत्यां शुक्र सूर्ययोः ॥ १ ॥

टीका ॥ बुध शनि में ईशान को वर्जित है गुरु और सोम वार में आग्नेय कोण में गमन कीजिये मंगल को वायव्य में शुक्र और रवि को नैऋत दिशा को गमन कीजिये ॥ १ ॥ (शूलदोषनिवारणभक्ष्य)

सूर्यवारे घृतं पीत्वा गच्छेत्सोमेऽस्तथा ॥ गुडमंगारवारेतु बुधवारे तिलानपि ॥ गुरुवारे दधि ज्ञेयं भृगुवारेयवानपि ॥ मा षान्भुक्त्वा शनेर्वारे शूलदोषोपशांतये ॥ २ ॥ ४ ४ ४ ॥

टीका ॥ सूर्य को घी सोम को दूध मंगल को गुण बुध को तिल बृहस्पति को दधि शुक्र को जब शनि को माष ये भक्षण करके गमन करे तो शूल दोष दूर होय ॥ २ ॥ (कुंभमीन के चंद्रमा में वर्जित कर्म)

शय्या वितानं प्रेताग्नि क्रिया काष्ठ तृणा जिनम् याम्य दिग्गमनं कुर्यान्न चंद्रे कुंभ मीनगे ॥ १ ॥

टीका ॥ पलंग चुनाना और प्रेत क्रिया और तृण काष्ठादि संग्रह दक्षिण को गमन ये काम कुंभ मीन के चंद्रमा में न करे वर्जित है ॥ १ ॥

(सन्मुख चंद्र का विचार)

करणभगणदोषं वार संक्रांति दोषं कुतिथि कुलिक दोषं यामयामार्द्ध दोषम् ॥ कुज शनि रवि दोषं राहु केत्वा दि दोषं हरति सकल दोषं चंद्रमा सन्मुखस्थः ॥ १ ॥

टीका ॥ करण नक्षत्र वार संक्रांति कुतिथि कुलिक यमार्द्ध मंगल शनि

रवि राहु इन के दोषों को सन्मुख चंद्रमा दूरि करता है ॥ १ ॥

दिशा के अनुसार सन्मुख चंद्रमा ॥

मेषे च सिंहे धन पूर्वभागे वृषे च कन्या मकरे च याम्ये । तुले च कुंभे मिथुने प्रतीच्यां कर्कालिमीने दिशि चोत्तरस्याम् ॥ १ ॥
सन्मुखो चार्थ लाभाय दक्षिणे सुख संपदा ॥ पृष्टतः प्राण नाशाय वामे चंद्र धन क्षयः ॥ २ ॥ ॐ ॐ ॐ ॥

टीका ॥ मेष सिंह धन ये पूर्वभागी चंद्रमा वृष कन्या मकर इन का दक्षिण भागी चंद्रमा तुल कुंभ मिथुन इनका पश्चिम में चंद्रमा कर्क वृश्चिक मीन इन का उत्तर में चंद्रमा वास करता है ॥ फल ॥ दिशानुसार सन्मुख चंद्र होय तो गमन करे अर्थ लाभ होय दाहना होय तो धन संपति की लाभ पीछे चंद्र होय तो प्राण नाश करे और बायां चंद्रमा होय तो धन नाश करे ॥ १ ॥ २ ॥

काल वेला विचार ॥ पूर्वाह्णे चोत्तरं गच्छेत्प्राच्यां मध्याह्नके तथा ॥ दक्षिणे अपरान्हे तु पश्चिमे अर्द्ध रात्रके ॥ १ ॥

टीका ॥ दिवस के पहले पहर में उत्तर को और दूसरे पहर में तथा मध्यान में पूर्व को और तीसरे पहर चौथे में दक्षिण को और अर्द्ध रात्रि में पश्चिम को गमन न करना शुभ है ॥ १ ॥ (योगिनी वासः)

प्रतिपन्नवमी पूर्वे द्वितीया दिशि चोत्तरे ॥ तृतीये कादशी वन्हौ चतुर्दशी दिशि नैऋते ॥ १ ॥ पंच त्रयोदशी याम्ये षष्ठी भूतं च पश्चिमे ॥ षष्टे च शिवदाः प्रोक्ता वामे चैव विशोषतः ॥ सप्तमी पूर्व वायव्ये अमावास्या षष्ठमी शिवे ॥ योगिनी सा भवेन्नित्यं प्रयाणे शुभदा नृणाम् ॥ १ ॥ २ ॥

टीका ॥ प्रतिपदा और नवमी को पूर्व में योगिनी जानिये - द्वितीया और दशमी को उत्तर में - तीज एकादशी को अग्नि कोण में - चौथ द्वादशी को नैऋत्य में - पंचमी त्रयोदशी को दक्षिण में - षष्ठी चौदश को पश्चिम में - सप्तमी पूर्णिमा को वायव्य में - अमावस अष्टमी को ईशान में इस प्रमाण से योगिनी का वास जानिये ॥ १ ॥ फल ॥ ये पीछे और बायें होय तो शुभ जानो - दाहिने होय तो धन हानि करे और सन्मुख मरण के तुल्य फल जानिये ॥ १ ॥

(वारानुसार कालवासा)

रकोत्तरे वायु दिशाच सोमे भौमे प्रतीच्यां वुधनैऋतेच
याम्ये गुरौ वह्नि दिशाच शुक्रे मंदेच पूर्वे प्रवदंति कालम्

टीका ॥ रविवार को उत्तर में काल सोमवार को वायव्य में मंगल को प
श्चिम में बुध को नैऋत में गुरु को दक्षिण में शुक्र को आग्नेय में शनि को पू
र्व में इस प्रमाण से कालादिक शूल वार अनुसार जानिये ॥ (फलं)

रवि दिन गुरु पूर्वे सोम शुक्रे च याम्ये वरुणदिशि तु भौमे
चौत्तरे सौरि संस्थे ॥ प्रति दिन मति मत्वा काल राहु दिशा
नां सकल गमन कार्ये वाम पृष्टे च सिद्धिः ॥ १ ॥ ५ ॥

टीका ॥ रवि गुरु को पूर्व को गमन करे तो काल राहु वाम पृष्ट भागी जानि
ये जिसमें गमन करे तो सिद्धि होय सोम शुक्र में दक्षिण को गमन करे। भौ
म को पश्चिम को शनि को उत्तर को गमन करे तो कार्य सिद्ध होय ॥ १

क्षुधित राहु ॥ दुंद्रे वायौ यमेरुद्रे तोयेग्नौ शशि रक्षसोः
यामार्द्धं क्षुधितो राहुर्भ्रमत्येव दिगष्टके । नतिथिर्न च नक्षत्रं
न योगो नच चंद्रमाः सिद्धंति सर्व कार्याणि यात्रायां दक्षिणे स्थि

टीका ॥ पहले पहर में क्षुधित राहु पूर्व में जानिये दूसरे में वायव्य में तीस
रे में दक्षिण में चौथे में ईशान में पांचमें पश्चिम को षष्टमें अग्नि कोण को
सप्तम में उत्तर में को अष्टम में नैऋत्य को इस प्रमाण से आठ दिशाओं में
भ्रमण करता है परंतु दक्षिण भाग में स्थित रवि विचार के गमन करे
तो तिथि नक्षत्र दिशा का दोष जाता रहै और समस्त कार्य सिद्धि होय ॥ १ ॥

काल कोष्ठ

कालं पलं घातक लोह पात वदुवानलः खड्ग चोलि कांति
काः नखाश्चतु र्विंशति षट्तथादिक रुद्रा धृतिर्वेद गुणाः क्रमेण
तिथ्या पुतं वैव सुभाजितं च शेषश्च कालो मुनयो वदंति ॥ फल
॥ कालं च पृष्टे फल सन्मुखेन घातं च लोहं तुंड वाम पृष्टे खड्गे च
चाग्रे कवचं च वामे कांति स्त्रयो ज्यादि शि दक्षिणस्यात् ॥ ॥

टीका ॥ काल कहां है तिसका जानना - कालों के नाम १ काल २ फल ३ घात क

४ लाह प्रात ५ वडवानल ६ खड्ग ७ कवच ८ कांति ऐसे ग्राठ नाम तिनकेनीचे ग्रंक लिखे हैं २०।२४।६।१०।११।१८।४।३ उनमें गमन का लकी तिथि है उनको एक एक ग्रंक में मिलावे ८ का भागदे ग्रेष जो ग्रंक रहै उसी दिग्रा को काल जानिये इस प्रकार पूर्वादे ८ दिग्रा क्रम से जा निये एष्ट भागी काल शुभ सन्मुख फल शुभ-एष्ट भाग में पातक लोह ग्रौर वडवानल ये तीनों शुभ-ग्रग्र भाग में खड्ग शुभ- वाम भाग में कव च शुभ- दक्षिण भाग में कांति शुभ - ऐसे दिग्रानुसार शुभ विचार के उस दिग्रा को युद्ध में वा यात्रा में गमन करे तो कार्य सिद्ध होय ॥ १ ॥

पंथा राहु चरं ॥ स्पुर्धर्मेदस्त्र पुष्योरग वसुजल पद्दी
पूमेत्रा प्यर्थार्थे याम्याजांघ्रीद कर्णादितिपित्र पव
नोदुन्यथोभानिकामे ॥ ब्रह्मार्द्रा वुध्य चित्रानिऋति
विधिभगोरव्यानिमोक्ष्योथ रोहिण्यर्यमणाप्येंदु वि
श्वांतिमम दिन कर्क्षाणि पथ्यादि राहौ ॥ १ ॥

धर्म	ग्रश्विनी	पुष्य	ग्लेषा	विग्रा·	ऽनुरा·	धनिष्ठा	शत·
ग्रर्थ	भरणी	पुनर्वसु	मघा	स्वाति	ज्येष्ठा	ग्रवण	पू·भा·
काम	कृतिका	ग्रार्द्रा	पूर्वा	चित्रा	मूल	ऽभि·	उ·भा·
मोक्ष	रोहिणी	मृगशिर	उत्तरा	हस्त	पूर्वा·षा	उ·षा·	रेवती

टीका ॥ धर्म मार्ग के नक्षत्र ७ प्रथम दूसरे ग्रर्थ मार्ग के नक्षत्र ७ तीसरे काम मार्ग के नक्षत्र ७ चौथे मोक्ष मार्ग के नक्षत्र ७ या प्रकार चार मार्गों के नक्षत्र में होय सूर्य तो चंद्रमा चारि मार्ग के नक्षत्र में फिरता है तिसका फल सुनो ॥

धर्म मार्ग का फल

धर्ममार्गे गते सूर्य्ये ग्रर्थीपो चंद्रमा यदि ॥ तदा
प्रत्नुभयं तस्य ज्ञेयंतु विवुधैः शुभम् ॥ १ ॥

टीका ॥ धर्म मार्गी नक्षत्रों में सूर्य ग्रौर ग्रर्थ मार्गी नक्षत्रों में चन्द्रमा होय तो गमन करने वाले को मार्ग में शत्रु भय होय ॥ १ ॥

धर्ममार्गे गते सूर्य्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते ॥
संहारस्त्वभवेत्तत्र भृगौ हानिः प्रजायते ॥ २ ॥

टीका ॥ धर्म मार्गी नक्षत्रोंमें सूर्य और चंद्रमा दोनों होंतो हानिभंग संहारजा ॥

धर्ममार्गे गते सूर्ये कामांशे चंन्द्रमा यदि विग्र
हे दारुणं चैव चौरा कुल समुद्भवम् ॥ ३ ॥

टीका ॥ धर्म मार्गी नक्षत्रोंमें सूर्य होय और काम मार्गी नक्षत्रों में चंद्रमा होय तो विग्रह दारुण और चार भय होय ॥ ३ ॥

धर्ममार्गे गते सूर्ये चंद्रे मोक्ष गते यदि ॥ गृ
हा लाभो भवेत्तस्य वित्तेयो नात्र संशय:

टीका ॥ धर्म मार्गी सूर्य मोक्ष मार्गी चंद्रमा होय तो गृहा लाभ मार्गमें सुख होय ॥ अर्थमार्गे गते सूर्यो चंद्रे धर्म स्थिते यदि गज
लाभो भवेत्तस्य तत्र श्री सर्वतो मुखी ॥ ५ ॥

टीका ॥ अर्थ मार्गी सूर्य हो और धर्म मार्गी चंद्रमा हो तो लाभ सुख करे सदा

अर्थमार्गे गते सूर्यो चंद्रे तत्रैव संस्थिते ॥ प्रथमं
जायते कार्यं तत्र भंगो भविष्यति ॥ ६ ॥ ॥

टीका ॥ अर्थ मार्गी सूर्य और चंद्र मार्गी दोनों होंय तो पहले पहू
ल कार्य करे और पीछे कार्य भंग करे ॥ ६ ॥

अर्थमार्गे गते सूर्ये चंद्रे कामोपगे संस्थिते
सर्व सिद्धि भवेत्तस्य जानीयान्नात्र संशय:

टीका ॥ अर्थ मार्गी सूर्य और काम मार्गी चंद्र होय तो सब काम सिद्ध होय ७ ॥ अर्थमार्गे गते सूर्ये चंद्रे मोक्ष स्थिते यदि
भूमि लाभो भवेत्तस्य हर्ष युक्त: सुखी भवेत्

टीका ॥ अर्थ मार्गी सूर्य होय और चंद्रमा मोक्ष मार्गी होय तो हर्ष युक्त भूमि लाभ होय मार्ग में सुखी रहै ॥ ८ ॥

काम मार्गे गते सूर्ये चन्द्रे धर्मे च संस्थिते
गजाश्वाश्व विलभ्यते राज सन्मान संभवात्

टीका ॥ काम मार्गी सूर्य और धर्म मार्गी चंद्रमा होय तो हाथी घोड़ा प्र
ष्वी इनकी लाभ करावे और राज्य सन्मान पावे ॥ ९ ॥

काम मार्गे गते सूर्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते

विग्रहं दारुणं चैव कार्य नाप्तं विनिर्दिशेत्

टीका ॥ काम मार्गी सूर्य और चंद्रमा होय तो विग्रह और कार्य का नाश होय

काम मार्गे गते सूर्ये चंद्रमोक्ष गते पिवा ॥ राज्ञो
लाभोभवेत्तस्य स्वर्थलाभं विनिर्दिशेत् ॥ १०

टीका ॥ काम मार्गी सूर्य और मोक्ष मार्गी चंद्रमा होय तो राजा से लाभ हो
य और अर्थ सिद्ध होय ॥ १० ॥

मोक्ष मार्गे गते सूर्ये चंद्रे धर्म स्थिते यदि ॥
हेम लाभोभ्रवेत्तस्य सर्व कार्य्य प्रसिध्यति

टीका ॥ मोक्ष मार्गी सूर्य वा धर्म मार्गी चंद्रमा होय तो हेम लाभ होय
और सर्व सिद्धि होय ॥ ११ ॥

मोक्ष मार्गे गते सूर्ये अर्थीप्तो चंद्रमा यदि ॥ विफ
लं यस्य कार्ये च चौर राज रिपुर्भयम् ॥ १२ ॥

टीका ॥ मोक्ष मार्गी सूर्य और अर्थ मार्गी चंद्रमा होय तो राजा चोर
और चेरी से भय होय ॥ १२ ॥

मोक्ष मार्गे गते सूर्ये चंद्रे काम स्थिते यदि ॥ सर्व
सिद्धि मवाप्नोति कार्ये च जय मेव च ॥ १३ ॥

टीका ॥ मोक्ष मार्गी सूर्य और काम मार्गी चंद्रमा होय तो सर्व कार्य सि
द्ध होय ॥ मोक्ष मार्गे गते सूर्ये चंद्रे तत्र व संस्थिते ॐ ॥
विग्रहं दारुणं चैव विघ्नस्तस्य भविष्यति ॥

टीका ॥ मोक्ष मार्गी सूर्य चंद्रमा दोनों होंय तो विघ्न और लड़ाई होय ॥ १४

यात्रा युद्धे विवाहे च प्रवेशे नगरा दिषु ॥ व्या
पारेषु च सर्वेषु पंथा राहुः प्रशस्यते ॥ ॐ ॐ ॥

टीका ॥ यात्रा में युद्ध में विवाह में नगरादिक के प्रवेश में तैसेही सर्व
व्यापारों में प्रवेश करने में यथा राहु शुभ होता है ॥ १५ ॥

गर्गादिकामत ॥ उषः प्रशस्यते गर्गः शकुनं च बृहस्प
तिः ॥ अंगिरा मनउत्साहो विप्र वाक्य जनार्दनः ॥ ॐ ॥

टीका ॥ गर्गादिक के मत से रात्रि पिछली घड़ी ऊषा काल होती है उस में

गमन शुभ है बृहस्पति के मत से शकुन अंगिरा के मत से उत्साह मन का और जनार्दन के मत से गमन में विप्र वाक्य शुभ जानिये ॥ १ ॥

शुभाशुभवाहन ॥ आत्मनोजन्मनक्षत्रादीननक्षत्रमे वच । एकीकृत्वाहरेद्भागंनंद शेषेचवाहनं । रासभोश्वो गजोमेषोजंबुकःसिंहसंज्ञकःकाकश्चैवंमयूरश्चहंसइत्ये वंवाहनं । फलं । रासभोऽर्थलाभश्चधनलाभश्चवाहन । लक्ष्मीप्राप्तिर्गजाख्येयंमेषेचमरणंध्रुवं ॥ जंबुकेस्वल्पला भश्चसर्वसिद्धिश्चसिंहगे । काकेचनिष्फलंकार्यमयूरेचसु खावहम् ॥ हंसेतुसर्वसिद्धिःस्याद्वाहनानांफलंस्मृतम् ॥ १ ॥

टीका ॥ अपने नक्षत्र से दिवस नक्षत्रतक गिनेऔर नवका भागदे शेष बचे सो वाहन जानिये एक बचे तो गद्धभ तिसका फल और लाभ दो बचें तो घोड़ा धन लाभ तीन बचेंतो हाथी अभीष्ट लाभ चार बचेंतो मेढा मरण तुल्य-५ बचेंतो जंबुक स्वल्प लाभ-६ बचेंतो सिंह कार्य सिद्धि-७ बचें तो काक निष्फल कहा है-८ बचें तो मोर सुख प्राप्ति-९ बचेंतो हंस सर्वसिद्धि ये फल जानिये ॥

(अंक महूर्त्त)

तिथयःपक्षगुणिताःसप्तभिर्भाजिताश्चताः
वारास्युर्द्विगुणिता वसुभिश्चैव भाजिताः ॥
चतुर्गुणा निभान्यंगभाजितानि यथाक्रमम् ।

टीका ॥ जिस तिथि में गमन करना चाहिये उसे दूनी करे सात का भाग दे और वार को तिगुणा करे आठ का भाग देय और नक्षत्र को चौगुणा करे सात का भाग देय जो शेष ३ अंक बचें तो शुभ जानिये और शून्य बचें तो अशुभ जानिये ॥ १ ॥

(फलं)

पीडास्यात्प्रथमे शून्येमध्ये शून्येमहद्भयम् ॥
अंत्यशून्येतुमरणं त्र्यंकेच विजयीभवेत् ॥ १ ॥

टीका ॥ प्रथम तिथि के भाग का शून्य बचे तो पीडा करे दूसरे वार के भाग में शून्य बचे तो बड़ा भय करे तीसरे नक्षत्र के भाग में शून्य बचे तो मरण करे तीनों जगह अंक बचें तो शुभ जानिये ॥ (भ्रमणाडल महूर्त्त)

सूर्यभाद्गणयेच्चांद्रं सप्तभिर्भागमाचरेत् ॥ त्रिषड्क्रभ्रमणंचैवद्विसप्तमहदाडलं ॥ प्रथमंपंचचत्वारिआडलोनास्तिनिश्चितम् ॥ आडलेताडनंप्रोक्तंभ्रमणेकार्यनाप्यानम् ॥ १ ॥ २ ॥

टीका ॥ सूर्य नक्षत्र से दिवस नक्षत्र तक गिने और सात का भागदे शेष ३।७ बचें तो उस दिन भ्रमण और कार्य नापा करें अथवा ७ ही बचें तो आडल जानिये उस दिन ताडन करने में शुभ है और १। ४। ५ बचें तो आड ल नहीं होता गमन में उक्त है ॥ १ ॥ (हैवरमुहूर्त्त)

सूर्यभाद्गणयेच्चांद्रं पक्षादितिथिवारयुक् ॥ नवभिस्तुहरेद्भागं सप्तशेषंतुहैवरम् ॥ १ ॥ ४ ४ ४ ॥

टीका ॥ सूर्य के नक्षत्र से दिवस नक्षत्र की संख्या में पक्ष तिथि वार मिलावे ९ का भागदे शेष ७ रहेंतो हैवर मुहूर्त्त जानो सो गमनमें शुभ है ॥ १

(घवाडमहूर्त्त) ॥ सूर्यभाद्गणयेच्चांद्रं त्रिगुणंतिथिमिश्रितम् ॥ नवभिस्तुहरेद्भागंत्रीणिशेषंघवाडकम् १

टीका ॥ सूर्य के नक्षत्र से दिवस नक्षत्र तक गिने तिसको तिगुणा करे चलती तिथि उसमें मिलावे ९ का भागदे शेष ३ बचेंतो घवाड जानिये १

वारानुसारस्वर ॥ गुरौशनौरवौभौमेशुभोवैदक्षिणस्वरः ॥ अन्यवारेषुवामस्तुस्वरश्चैवशुभस्मृतः ॥ १ निर्गमेवामतः श्रेष्ठःप्रवेशेदक्षिणःशुभः ॥ यस्स्वरःसैवनाशाग्रेयोगीनांमतमीदृशम् ॥ २ ॥ ४ ४ ४ ॥

टीका ॥ गुरु शनि रवि भौम इन चार वारों में दक्षिण स्वर चले तो प्रवेश करने में शुभ है और बुध चंद्र शुक्र इन वारों में बायां स्वर चले तो निर्गम को शुभ है ये योगियों के मत से स्वर विचार है ॥ (वारानुसारपाकुन)

अष्टौपादाबुधेस्युर्नवधरणिसुतेसप्तजीवेपदानिज्ञेयंचैकादशार्केशनिशशिभृगुषुप्रोक्तमर्थेचतुष्कं ॥ तस्मिन्कालेमुहूर्त्तेसकलगुणयुतेकार्यसिद्धिःशुभोक्तानासिंपेचांगयुद्धिर्नैवखलुशशिबलंभाषितंगर्गमुख्यैः ॥ ४ ४ ४ ॥

टीका ॥ बुध को ८ पद अपनी छाया होतो गमनको तंगलको ६ तो भगन

करेगुरुकोशब्दहोतोगमनकरेऔररविशनिसोमशुक्रइनवारों मेंइसशब्दछायाहोतोगमनकरेयेमुहूर्तगुरुशुक्रसर्वकार्यकलाजानिये १॥

काकशब्दशकुन॥काकस्यवचनश्रुत्वापादछा यांतुकारयेत।चयोदशयुतांकृत्वाषड्भिर्भागमाह रेत।फल॥लाभःसुखंचकुमेरोवगर्गस्यवचनंयथा॥२॥

टी०॥काकका शब्द सुनि के अपने पादों छाया में १३ मिलावै और ६ का भागदे शेष रहे तिसका फल १ शेष रहे तो लाभ २ बचें तो सुख ३ बचें तो भोजन की प्राप्ति ४ बचें तो धन लाभ और शून्य होय तो शु भजानिये ५२॥

पिंगलाशब्दशकुनं॥

उल्लासःकिल्विलेचैवचिल्लिभोजनंतथा भंजनेखरिरिखिहिस्यात्कुर्कुर्शब्दैर्महद्भयम्।१

टी०॥जो किल्विल शब्द होय उल्लास होय और चिल्लिल शब्द होय तो भोजन प्राप्ति खिट शब्द होतो बंधन करे कुर्कुर शब्द होतो बहुत भय करे॥२॥

छींकानुसारपदछायाशकुन

वुधैःछिक्कारवंश्रुत्वापादछायांचकारयेत॥च यौदशयुतांकृत्वाचाष्टभिर्भागमाहरेत॥१॥फलं। लाभःसिद्धिर्हानिश्चोकभयंश्रीर्दुःखनिष्फले॥ कुमेरोवफलंज्ञेयंगर्गेणाचयथोदितम्॥१॥२

टी०॥छींक का शब्द सुनके अपनी छाया नापै तिसमे १३ मिलावै ८ का भागदे शेष रहे तिसका फल १ शेष रहे तो लाभ २ रहें तो लाभ ३ रहें तो कार्य सिद्धि ४ रहें तो हानि ५ रहें तो शोक ६ रहें लक्ष्मी ७ रहें तो दुःख शून्य रहे तो निष्फल ऐसा गर्गादि मुनि कहते हैं॥२॥

(छींक शकुन)

छिक्कास्वरंश्रवस्यामिपूर्वस्यांशुभफलं॥अग्नेय्यां शोकदुःखंस्यादक्षिणेऽनया॥१॥नैऋत्यांचशुभंशोकं पश्चिमेमिष्टभक्षणं।वायव्येधनलाभस्तूत्तरेकलहस्तथा

र्पणान्यंत्र शुभंज्ञेयं मात्रस्त्रिकामद्वयम्॥ ऊर्द्धंचैव शुभंज्ञे
यंमध्येचैव महद्भयम्॥ आसने शयनेचैवदाने चैवतु भोज
ने॥ वामांगे पत्तनंचैव षट्स्त्रिकाश्च शुभावहः २॥३॥
टी०॥ पूर्व की छींक शुभ आग्नेय की शोक कारक दक्षिण की दुःख
कारक नैऋत की अरिष्ट कारक पश्चिम की शुभ वायव्य की भस्म क
री उत्तर की धन दायक ईशान की शुभ अग्नी छींक अत्यंत दुखद
यक ऊपर की होय तो शुभ दायक और मध्य में होय तो बड़ा भय कारक
और छः जगे शुभ दायक आसन १ शय्या २ दान ३ भोजन ४ वाम ५ पत्त
न ६ ये शुभ जानिये॥१॥ पल्ली शब्द शकुन॥

वितंब्रह्मणिकार्यसिद्धिमतुलांशत्रुक्षतांशोभयं याम्ये
मित्रवधःक्षयश्चनिऋतेलाभःसमृद्धालये॥ वायो
व्यांदरमिष्टमन्नमशनंसौम्यायेलाभस्तथाईशाने
नेगृहगोधिकार्यमतुलंसर्वत्रभूमीभयम्॥२॥
टी०॥ पल्ली शब्द के अनुसार दिशा का फल ऊर्द्ध दिशा को लक्ष्मी प्रा
प्त पूर्व को कार्य सिद्धि आग्नेय को भय दक्षिण को मित्र वध नैऋत को क्ष
य पश्चिम को लाभ वायव्य को मिष्ट भोजन उत्तर को लाभ ईशान को का
र्य सिद्धि भूमी में सर्वत्र भय जानिये॥ (पल्ली पतन शब्द का चढ़ना
राज्यंतुमस्तकसिक्तेयंललाटेबंधुदर्शनं॥ भ्रूमध्येराज्यसन्मा
नंमुखरोगेधनक्षयं२ अधरोष्ठेधनैश्वर्यंनासांतेव्याधिपी
डनं॥ श्रायुष्यंदक्षिणेकर्णेबहुलाभस्तुवामके२ अक्षणो
स्तुबंधनंज्ञेयंभुजेभूपतितुल्यता॥ बाहुशोभनंत्यागे
कंठेपुत्रविनाशनं॥ स्तनद्वयेचदुर्भाग्यंउदरेमंडनंशुभं
भजानाभेः पृष्ठेशोजानुनेषेशुभावहं४ करद्वयेवस्त्रला
भःस्कंधयोर्विजयीभवेत्॥ नाभौबहुधनंप्रोक्तं पूर्वोक्तंचैवह
यादिकं५ दक्षिणेमणिबंधेचमनस्तापोधनक्षयः॥ मणि
बंधेतथावामेकीर्तिर्दृष्टिर्धनप्रदं६ नरेषुधान्यलाभंच
कैमिष्टान्नभोजनं॥ गुल्फयोर्वंधनं ज्ञेयंकेशांतेमरणंध्रुवं७

अध्वा च दक्षिणे पादे वामे बंधुविनाशनं॥स्त्रीनाशस्यात्
पादमध्ये पादांते मरणं भवेत। पत्न्याः प्रयत्नेश्रेयंसरट
स्याधिरोहणं। यद्वोद्युक्तं मनुष्यस्य शुभाशुभहिसूचकम॥
तिलमाषादिदानं च स्नात्वादेयं द्विजन्मने। पिनाकिनं नमस्कृ
त्यजपेन्मंत्रं षडक्षरं॥१०॥ शतंसहस्रंमथवा सर्वदोषनिव
र्हणम्॥शिवालये प्रकर्त्तव्यो दीपदोषोपशांतये॥११॥
टी०॥मनुष्योंके गमन समयमें अंग पर पत्नीश्रर्थात् छिपकली गिरे अ
थवा गिरगट चढ़े तो शुभा शुभ फलस्थान अंग के अनुसार जानना कह
तेहैं कि छिपकली गिरे वा गिरगट चढ़े तो वस्त्र सहित स्नान करे तिल
उड़द ब्राह्मण को दे शिवालय में जाय के शिव को नमस्कार करि षड़
क्षर ११०० शिवमंत्र का जप करावे तो दोष दूर होय ॥११॥

१शिर	राज्यप्राप्ति	२१वामबाहु	राज्यभय	४१ऊरूपर	घोड़ा वा०
२कपाल	बंधुदर्शन	२२कंठ	शत्रुनाश	४२दहिनापद	धनक्षय
३भृकुटी	राजसन्मान	२३स्तनोंपर	दुर्भाग्य	४३बा०जानु	कीर्ति
४उत्तरोष्ठ	धनक्षय	२४उदरपै	शुभ	४४नख	धनलाभ
५अधरोष्ठ	ऐश्वर्य	२५पृष्ठपर	बुद्धिनाश	४५सुरतपर	मिष्टभोजन
६नासिका	व्याधि	२६जानुपर	शुभ	४६टकनोंपर	बंधन
७दा०कान	आयुष्य	शिरपर ७	शुभ	४७कोशोंपर	मरण
८बा०कान	वस्त्रलाभ	२८हाथोंपर	वस्त्रलाभ	४८दहिनापर	मार्ग चले
९नेत्र	वस्त्रलाभ	२९कंधोंपर	विजय	४९बायांपद	बंधुनाश
१०गाल	राजासमान	३०नाभिपर	धनधन	५०या०मध्य	स्त्रीनाश

अंगस्फुरणा मनुः

अहिमेत्वं निमित्तानि प्रशुभानि शुभानिच
सर्वधर्मभृतां श्रेष्ठत्वंहि सर्वविदुध्रुवे ?

टी०॥मनुमत्स्य प्रति प्रश्न करे है धर्मधारियों में श्रेष्ठ शुभाशुभफल
वर्णन कीजिये॥ अंगस्यदक्षिणो भागो प्रशस्तंस्फुरणाद्भवेत्
प्रशस्तंतथावामेपरतस्तुहतास्पच॥

टीका॥अंग का फरकना दहिना भाग शुभ है और वामां भाग हृदय पीठ ये अशुभ जानना चाहिये॥१॥

अंगानां स्पंदनं चैव शुभाशुभविचेष्टितं॥तन्मे विस्तरतो ब्रूहि येनस्यान्नाद्विधोभवि॥मत्स्यउवाच॥ पृथ्वीलाभोभवेन्मूर्ध्नि ललाटेरविनंदनः॥स्यानंचवृद्धिमायातिभ्रुवो सोप्रियसंगमः॥भृत्यलब्धीक्षिदेशेदृगुपातेधनागमः॥उत्कंठोपगमोमध्येदृशंराजन्विचक्षणैः॥४॥दृग्बंधने संगरेचजयशीघ्रमवाप्नुयात्॥योषिल्लाभोपांगदेशेश्रवणांतेप्रियश्रुतिः॥नासिकायांप्रीतिसौख्यंप्रियप्राप्तिरधोष्ठयोः॥कंठेतुभोगलाभस्याद्भोगवृद्धिरथांसयोः॥बृहत्भेष्वग्रबाहुभ्यांहस्तेचैवधनागमः॥एष्टेपरांजयोरुभोजयोवृक्षस्थलेभवेत्॥कुक्षिभ्याप्रीतिरुद्दिष्टास्त्रियाःप्रजननेभगे॥स्यानभ्रष्टोनाभिदेशेआंत्रेचैवधनागमः॥जानुसंधौपरैःसंधिर्बलवद्भिर्भवेन्नृप॥एकदेशोभवेत्साभीजंघाभ्यांरविनंदनः॥६॥उत्तमस्थानमान्येतिपद्भ्यांप्रस्फुरणेनृप॥अलाभंचाध्वगमनंभवेत्यादतलेनृप॥७॥

टीका॥मनु प्रश्न करते हैं अंग के स्थान स्फुरण का विचार शुभाशुभफल विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये॥

१ मस्तकस्फुरण	पृथ्वीलाभहोइ	११ अधरोष्ठ	प्रियवस्तुप्राप्ति
२ ललाटस्फुरण	स्थान वृद्धि	१२ कंठमें	ऐश्वर्यप्राप्ति
३ भृकुटीमध्यमा	प्रियदर्शन	१३ कंधोंमें	भोगवृद्धि
४ नेत्रों में स्फु.	भृत्यमिलै	१४ दोनोंबाहु	महत्कीभट
५ नेत्रों की कोरोंमें	धनप्राप्ति	१५ दोनोंहाथ	धनप्राप्ति
६ कंठमध्य	राज्यप्रीति	१६ पृष्ठमें	दूसरेसेजयहोय
७ हृत्बंधन	युद्धमेंजीत	१७ उरूमें	जयप्राप्ति
८ अपांगदेश	स्त्रीलाभ	१८ कुक्षिमें	प्रीतिप्राप्ति
९ कर्णांतमें	प्रियमित्रकीसु;	१९ पिंडीं	स्त्रीप्राप्ति

२० नाभिमें	स्थानभ्रंश	२३ जंघकेएकदे	रेश का स्वामी
२१ श्रोतोंमें	धनप्राप्ति	२४ पादोंमें	उत्तम स्थानसे
२२ जानुसंधि	बली शत्रुसेसंधि	२५ तलुओंमें	पाप का गमन

स्त्रियों का अंग स्फुरण

लांछनं पीलकंचैव ज्ञेयं स्फुरणा वत्तथा॥ विप
र्ययेण विज्ञेयः सर्वस्त्रीणां विपर्ययः॥१॥ द
क्षिणे विप्र शस्तंग मशस्तंस्या द्विशेषतः॥२॥

टी०॥ स्त्रियोंका अंगस्फुरण भ्रूमध्यमें पुरुषोंही के समान है परंतु शेष सब स्थानोंमें पुरुषसे विपरीत है अर्थात् वाम भाग शुभजानिये॥१॥

अन्यथासिद्धिरजन्मनस्य फलस्यशास्त्रस्य चनिंदितस्य।
अनिष्टनिर्द्वोषगमे द्विजानांकार्यं सुवर्णोनतुतर्पणंस्यात्॥२॥

टी०॥ हे राजा अनिष्ट फलोंके निवारण हेतु ब्राह्मणोंसे तर्पण करावे सुवर्णदान करे तो अंग स्फुरण का दोष जाय॥२॥

नेत्रास्योर्द्ध हरति सकलं मानसंदुःखमालं नेत्रोपांतेदि
शतिचधनंनासिकांतेचमृत्युः॥ नेत्रस्याधः स्फुरणमसक
त्संगरेभङ्ग हेतुर्वामे चैतत्फलमदि फलंदक्षिणेवैपरीत्यम्

टी०॥ स्त्रीणां विपर्ययो नेत्रों के ऊर्द्ध प्रांत आदिक स्थानोंमें स्फुरणा होने का फल कहते हैं नेत्रों के ऊपर पलक में स्फुरणा होय तो मनका दुःख होय धनकी प्राप्ति होय और नासिका के निकट स्फुरणा होय तो मृत्युक होय अधर के नीचे के पलक में स्फुरणा हो तो युद्ध में पराजय होय ये फलवा यें नेत्र के जानिये जो पुरुष का दाहना और स्त्री का बायां अंग शुभजानो॥

त्रिशूलयंत्र॥ रोगिरोगच्छुनाद्यर्क्षान्नाद्यर्क्षंचय
ऋतः॥ क्षतिकागमनेस्यादन्यत्रवृद्धीयते॥२॥

टी०॥ रोगी का प्रश्न त्रिशूल मध्यागमें जिस नक्षत्र का मंगलादे त्यादि को देवे और चंद्रमा जिस स्थान विषें यंत्र में होय तो फल देवै इस से आगे फल जानिये - युद्ध में जाना होय तो दिवस नक्षत्र से

नक्षत्र तक गिने और गमन करना हो तो कृतिका से दिवस नक्षत्र तक गिने और दूसरे कर्मों को मूल नक्षत्र से सोम नक्षत्र तक गिने इस क्रम से १



त्रिमूलाग्रे भवेन्मृत्युर्मध्यमंवाहे रथक्रम
लाभक्षेमंजया रोग्यं चंद्रगर्भेषु सोमनम् १।

टी०॥ त्रिमूल के अग्र भाग में दिवस नक्षत्र होय तो मृत्यु और वाह्री अ धक में हो तो मध्यम मध्य के अर्धक में होतो क्षेम लाभजय आरोग्य ये सब संमन जानिये ॥१॥ गमन की लग्न

चर लग्ने प्रयातव्यं द्विस्वभावे तथा नरैः॥
लग्ने स्थिरे नगंतव्यं यात्रा यां क्षेम भीप्सुभिः

टी०॥ मेष कर्क तुला मकर ये चर और मिथुन कन्या धन मीन ये द्विस्वभा व आठ लग्नों में गमन करने से सब कार्य सुफल होय और लग्न स्थिर सो वर्जित है यात्रा में ॥१॥ दूसरा प्रकार लग्न का

लग्ने कार्मुकमेषसौलि गमने कार्यं विलंबान्नृणां
पंचत्वं मकरे तथैव च घटे नद्युत्फले वृश्चिके॥ सिं
हे कर्कटके वृषे परिगतः सर्वार्थसिद्धिंलभेत्क-
न्यामीन गतस्तथैव मिथुने सौख्यं शुभान्नवस्त्र १॥

टी०।धनमेषतुलाद्यनमेंगमन करेतो कार्य विलंबसेहोयऔर मकर कुंभ
स्थिकद्यनमेंगमनकरेतोमृत्यु तुल्यकष्ट सिंहकर्कवृषद्यनमेंकार्य सिद्ध
होय मिथुन कन्यामीनद्यनमेंगमन करेतो अन्नधन शुभदायक जानिये

द्वादशस्थानों के अनुसार यात्रालग्नमेंग्रह।प्रथमस्थान

जन्मस्थंचाष्टमंत्याज्यंलग्नेद्वादशमेवच ।
ग्रहाणांचबलंवीक्ष्यगच्छेद्दिग्विजयंनृपः

टी०॥लग्न और अष्टम द्वादशद्यनमेंपाप ग्रह वर्जित ग्रह बल देखि
गमन करेतो विजय कार्य सिद्धि होय ॥

स्थानेयदास्युर्गुरुसौम्य शुक्राः सिध्यंतिकार्याणिचपंच
चमेही।राज्यास्यदंवासुखदेशलाभंमासस्यमध्येग्रहभावयुक्ता

टी०॥लग्नमें गुरु वा बुध शुक्र ये होयतो पंच दिवस मे तथा
एक मास मे राज्य सुख देश लाभ ये होंय ॥१॥

दूसरे स्थान के फल॥जीवोवुधोवाभृगुनंदनो
वास्थानेद्वितीयेगमनस्यकाले।सुवस्त्रलाभं
चतुरंगलाभंमासस्यमध्येचचतुर्दशान्हि ।२

टी०॥दूसरे स्थानमें गुरु बुध अथवा शुक्र होयतो वस्त्रतुरंगलाभ
एक मास मध्यमेंवा चौदह दिनमें सिद्ध होय ॥२॥

क्रूराधनस्थारविराहुभौमाःसौरिश्चकेतुस्त्रिभिरेव
मासैःविनस्यनाशंचहन्तिमृत्युसत्यंहवाक्यंमुनयोवदंति

टी०॥इनमेंसे कोईभी होयतो तीन मासमें मृत्यु और विनाश
होय यह मुनीश्वरों ने कहा है ॥३॥

स्थानेतृतीयेगुरुभार्गवौचसोमस्यसूनुश्चनिधनपतिश्च
करोतिकार्यंसकलंचसर्वंपक्षद्वयेनापिदिनत्रयेण ३

टी०॥तीसरे स्थान में गुरु शुक्र वा चंद्रमा बुध होयतो दो पक्षमें
अथवा तीन दिन में कार्य सिद्धि होय ॥३॥

क्रूराश्चलग्नेगमनेयदालग्नस्यश्चशेषाःशुभदाहिकार्ये
नक्षत्रदेवेनभवेच्चसिद्धिर्मासत्रयेणापिदशाहमध्ये ३

टी०॥ जो क्रूरग्रह चतुर्थस्थानमें होउसेवर्जिकैं शेषग्रह होयवे शुभफले
नोहैंवयोगकरिकैं ३मासवाऽथवा ९दिवसके अंतमें कार्यसिद्ध होय॥२

गुरुर्भृगुश्चंद्रबुधौयदा स्यात्सुभेचलग्नेतुसुतेचयुक्ताः॥
कुर्वंतिकार्यस्यचसिद्धिमिष्टांमासद्वयेनापिवदंतिसत्यम्॥३

टी०॥ गुरुशुक्रचंद्रमाबुधयेचारोंग्रह पंचमस्थानमें होय तोशु
भहोय और २मासमें कार्यसिद्धि होय॥३॥

जीवश्चशुक्रश्चबुधश्चषष्ठकरोतियात्रा॰ फलंविल
ग्नात्॥पक्षद्वयेनापिवदंतिसत्यंसौम्यक्षितिस्थःकुरुतेबलंच॥४

टी०॥ गुरुशुक्रचाबुधये छठेस्थानमें हों और मृगशिरनक्षत्रकाचंद्र
माउसीस्थानमें होतो सर्वकार्य एकमास में सिद्धि होय॥४॥

चेत्सप्तमस्थागुरुसौम्यसोमाःकुर्वंतियात्राविजयंनृपाणां
सर्वेनृपास्तस्यभवंतिवश्यामासद्वयेनापिचपंचभिर्दिनैः॥५

टी०॥ चंद्रबुधगुरुयेसप्तमस्थानमें होयतो यात्रामें विजय होय
सबराजादो मासमें वा पांच दिनमें वशीभूत होंय॥५॥

क्रूराश्चसर्वेयदिलग्नकालेमृत्युस्थिताःमृत्युकराभवंति
सौम्योगुरुर्वाभृगुनंदनश्चदीर्घायुषांमृत्युकरश्चचन्द्रः॥६

टी०॥ शनिरविभौमराहुकेतुयेअष्टमस्थानमेंहोंतोमृत्युकारकग्रो
येनहोंतो शुभहोय आयुकी वृद्धिकरे परंतुचंद्रमा कारक जानना॥६

धर्मस्थिताःयदिभवंतिहिपापखेटाःप्रयाणकालेचतथैवचंद्र
द्रमाःनरस्यजयंवैसबलेचचंद्रेमासत्रयेणापिदिनैश्चतुर्भिः॥७

टी०॥ नवमस्थानमें पापग्रहतथाचंद्रमा होयतो तीनमासमें
वा चारदिवसमें कार्यसिद्धि होय॥७॥

धर्मास्थितौवायदिजीवशुक्रौसोमस्यसूनुर्यदिलग्नकाले॥
लग्नेचरेवायदिवास्थिरेवाकार्यस्यसिद्धिंश्रभवेच्चलाभः॥८

टी०॥ धर्मस्थानमें गुरुबुधशुक्रचंद्रमाये चरलग्नमें वा स्थिर
लग्नमें स्थितहोय तोकार्यसिद्धि करै लाभकरै॥८॥

कर्मस्थितापापखगास्तुसौम्याःकुर्वंतिकार्यंशनिवर्जिताश्च

लग्नेचरेवायदिचास्थिरेवा मासत्रयेणापिचैकमास:।
